प्रेस नोट

दि0 12/09/2023

जनपद अम्बेडकरनगर थाना बसखारी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 295/23 धारा 457/380 भादवि से सम्बन्धित एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से दो अदद लैपटाप (डेल कम्पनी) , दो अदद लैपटाप चार्जर , एक अदद कटर मशीन ,दो अदद ब्लेड व एक अदद लोहे का नुकीला रॉड बरामद।

जनपद पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के क्रम में दिनांक 11.09.2023 को थाना बसखारी पर पंजीकृत मु0अ0सं0 295/23 धारा 457/380 भादवि0 से सम्बन्धित एक नफर अभियुक्त इम्तियाज पुत्र मूसा नि0ग्राम फारुकी नगर बजरडीहा थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी को वादी अजय गुप्ता पुत्र श्री जोखूलाल गुप्ता पता रसूलपुर दरगाह अशरफपुर किछौछा थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा स्थानीय पुलिस को सुपूर्द किया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा सम्बन्धित अभियुक्त को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। सम्बन्धित अभियुक्त व दो अन्य अभियुक्तों द्वारा वादी मुकदमा की दूकान से 45,000 रुपए चोरी किए गये थे। जिसमें अन्य दो अभियुक्त चोरी के रुपए को लेकर मौके से फरार हो गये थे। स्थानीय पुलिस द्वारा फरार अभियुक्तों की तालाश की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त से पुलिस पूछताछ/निशानदेही पर थाना बसखारी में पूर्व में पंजीकृत मु0अ0सं0 293/23 धारा 380 भादवि0 से सम्बन्धित वादी मुकदमा श्री मोहम्मद सद्दाम पुत्र मो0 इकराम ग्राम कटरा थाना/पोस्ट कटरा जिला मुजफ्फरपुर (बिहार) की दुकान से चोरी गये दो अदद लैपटाप (डेल कम्पनी के), दो अदद चार्जर व घटना में प्रयुक्त एक अदद कटर मशीन, दो अदद ब्लेड, एक अदद नुकीला राड बरामद किया गया। उपरोक्त बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 293/23 में धारा 411 भादवि0 की बढ़ोत्तरी कर थाना स्थानीय पर अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

विवरण नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त ---

01.इम्तियाज पुत्र मूसा नि0ग्राम फारुकी नगर बजरडीहा थाना भेलूपुर जनपद वाराणसी (उ0प्र0)

विवरण बरामदगी:-

01.दो अदद लैपटाप (डेल कम्पनी)

02.दो अदद लैपटाप चार्जर

03.एक अदद कटर मशीन

04.दो अदद ब्लेड

05.एक अदद लोहे का नुकीला रॉड

विवरण अपराधिक इतिहास-

01.मु0अ0सं0-293/23 धारा 380/411 भादवि0 थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर

02.मु0अ0सं0-295/23 धारा 457/380 भादवि0 थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर

विवरण गिरफ्तार कर्ता पुलिस टीम –

01.हे0का0 कुलदीप सिंह थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर।

02. का0 श्यामा गुप्ता थाना बसखारी जनपद अम्बेडकरनगर।